राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 11 05 2017 को आयोजित बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 11 मई, 2017 को दोपहर 03.30 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री के वी एस बाबा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित की गई जिसमे पोसोको कार्यालय व राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया ।

<u>राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य</u>

श्री के वी एस बाबा, अध्यक्ष

श्री एम के गुप्ता, मुख्य वित अधिकारी

श्री एस आर नरसिम्हन, अपर महाप्रबंधक (सिस्टम ऑपरेशन)

श्री एस एस बड़पंडा, अपर महाप्रबंधक (मार्केट ऑपरेशन)

श्री आर पिपलोनिया, अपर महाप्रबंधक(संविदा और के आयोजना)

श्री निशदीप सिंह, उपमहाप्रबंधक(मानव संसाधन)

श्री समीर सक्सेना, उपमहाप्रबंधक(मार्केट ऑपरेशन)

श्री हरीश राठौर, मुख्य प्रबन्धक(सिस्टम लॉजिस्टिक्स)

श्री अनिल मेहता, नोडल अधिकारी(राजभाषा)

नोडल अधिकारी(राजभाषा) ने सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया | अध्यक्ष महोदय ने पिछली बैठक की समीक्षा की और पिछले तीन महीनों में राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए क्या कार्य किए गए व कार्यालय के विभिन्न विभागों में हिन्दी की प्रगति हेतु कार्मिकों के प्रयासों को जानने के पश्चात निम्नलिखित निर्णय लिए : -

1.0 विद्युत मंत्रालय व अन्य मंत्रालय से प्राप्त तकनीकी पत्रों के पूर्ण जवाब समय की गंभीरता को देखते हुए नहीं भेजे जा सकते हैं उनके आगे अग्रिम पत्र को हिन्दी में लगा कर भेजा जाए |

2.0 एक वर्ष में किसी एक क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र में एक अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसमें सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र से हिन्दी में कार्य करने वाले अधिकारियों को नामित करने व अन्य दो कार्मिकों को भी शामिल करने हेतु सहमति दी गई जिससे अन्य कार्मिक भी राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित हों | इस अखिल भारतीय सम्मेलन में उस क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र से संबन्धित

नराकास के सदस्यों को भी बुलाने व साथ ही सांयकाल में कवि सम्मेलन का आयोजन करने हेतु सहमति दी गई |

5.0 हिन्दी पुस्तकालय हेतु दस हजार रूपये की किताबें पुस्तकालय हेतु खरीदने का निर्णय लिया गया |

6.0 प्रत्येक विभाग राजभाषा हिन्दी की मास्टर फ़ाइल बनाए जिससे किसी भी राजभाषा संबंधी निरीक्षण के समय उसे निरीक्षणकर्ता को दिखाया जा सके |

7.0 वित्त विभाग में जमा करने वाले सभी दावों को हिन्दी में ही भरे जाने के बाद स्वीकृत दी जाए |

8.0 राजभाषा हिन्दी के "क" क्षेत्र के वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने हेतु सभी विभागों के कार्मिकों को प्रोत्साहित किया जाए जिससे वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके |

अवलोकनार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
वरिष्ठ कार्यपालक सचिव एवं नोडल अधिकारी (राजभाषा)
दिनांक 11 मई 2017